
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO-
UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 02 अंक :- 275 मुरादाबाद, 02 February 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी बोले- बजट से पूरा होगा हर वर्ग का सपना, करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। मूर्तिकार, शिल्पकार यह सभी देश के लिए मेहनत करते हैं। देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट 2023 को लेकर अपने संबोधन में कहा कि करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। मूर्तिकार, शिल्पकार यह सभी देश के लिए मेहनत करते हैं। देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आया है। ऐसे लोगों के लिए टेक्नोलॉजी, क्रेडिट और मार्केट की योजना की गई है। पीएम विश्वकर्मा योजना इन विश्वकर्माओं के विकास लिए बड़ा बदलाव लाएगा। पूरी ताकत से महिलाओं को



**आगे बढ़ाया जाएगा-** उन्होंने कहा, गांव में रहने वाली महिलाओं से लेकर शहरी महिलाओं के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे कदमों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं के %सेल्फ हेल्प ग्रुप भारत में बड़ी जगह अपने लिए ले चुका है। इन्हें संबल देने के लिए नई पहल बजट में शामिल की गई है। महिलाओं के लिए एक विशेष बजट योजना भी शुरू की जा रही है। जन धन खातों के बाद यह विशेष बचत योजना सामान्य परिवार की माताओं को बड़ा फायदा देने वाली है।

### स्टोरेज क्षमता बढ़ाने के लिए अन्न भंडारण योजना

पीएम मोदी ने कहा, भारत सरकार ने स्टोरेज कैपेसिटी ( भंडारण क्षमता ) को बढ़ाने के लिए सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनाई है। अब हमें कृषि सेक्टर में डिजिटल पेमेंट की सफलता को दोहराना है। इसलिए इस बजट में हम डिजिटल एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर की बड़ी योजना लेकर आए हैं।

### किसानी करने वाले आदिवासियों को मिलेगा फायदा

उन्होंने कहा, हम मिलेट्स ( बाजरा ) के लिए बड़ी योजना लेकर आए हैं। जब यह घर-घर पहुंच रहा है, पूरी दुनिया में पॉपुलर हो रहा है, तो इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत के किसानों को होना है। इसलिए बजट में इसके लिए बड़ी योजना बनाई गई है। इससे हमारे आदिवासी भाई-बहन जो किसानी करते हैं, उन्हें फायदे मिलेंगे और देश को इस क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा।

### बजट में तकनीक और न्यू इकोनॉमी पर दिया जोर

उन्होंने आगे कहा, बजट में हमने तकनीक और न्यू इकोनॉमी पर बहुत जोर दिया है। डिजिटल भारत आज रेल, मेट्रो, वॉटरवेज आदि जगहों पर है। 2014 की तुलना में आज इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश में 400 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गई है। इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत के युवाओं के लिए रोजगार देगा और एक बड़े वर्ग के लिए लाभाकारी होगा।

### गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग के सभी सपनो को पूरा करेगा बजट

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। ये बजट वंचितों को वरीयता देता है। ये बजट आज की आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग सभी के सपनों को पूरा करेगा।


**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकास की धुरी बनाएगा ये बजट**-प्रधानमंत्री ने कहा, ये बजट, सहकारिता को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की धुरी बनेगा। सरकार ने को-ऑपरेटिव सेक्टर में दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनाई है। बजट में नए प्राइमरी को-ऑपरेटिव्स बनाने की एक महत्वकांक्षी योजना का भी ऐलान हुआ है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर पर होगा 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश

वर्ष 2014 की तुलना में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर 400त्न से ज्यादा की वृद्धि की गई है। इस बार इंफ्रास्ट्रक्चर पर 10 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व निवेश होगा। यह निवेश युवाओं के लिए रोजगार और एक बड़ी आबादी के लिए आय के नए अवसर पैदा करेगा।

## आयकर पर पांच बड़े एलान, सात लाख तक टैक्स नहीं, स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ा और लीव एनकैशमेंट पर भी फायदा

मध्यम वर्ग को आम बजट में जिस राहत का तीन साल से इंतजार था, वह आखिरकार मिल गई। लोकसभा चुनाव से ठीक एक साल पहले पेश हुए आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पांच बड़ी घोषणाएं कीं। इनकम टैक्स। वेतनशुदा मध्यमवर्ग के लिए सबसे तकलीफदेह यही होता है। इस मध्यम वर्ग के लिए कम से कम इनकम टैक्स के मामले में कुछ अच्छे दिन आते दिख रहे हैं। वजह है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण में आयकर को लेकर पांच बड़े एलान।


करदाताओं को चुनावी उपहार
बजट 2023
अब नया टैक्स रिजिम डिफॉल्ट रिजिम होगा

| आय | टैक्स |
|---|---|
| 0-03 लाख तक | कुछ नहीं |
| 3-06 लाख तक | 05% |
| 6-09 लाख तक | 10% |
| 9-12 लाख तक | 15% |
| 12-15 लाख तक | 20% |
| 15 लाख से अधिक पर | 30% |

**1. अब सात लाख तक कोई टैक्स नहीं**

अभी जिनकी पांच लाख रुपये की कर योग्य आमदनी है, उन्हें दोनों कर व्यवस्था में कोई टैक्स नहीं देना होता था। अब यह लिमिट सात लाख रुपये होगी। छूट की यह सीमा नई कर व्यवस्था में बढ़ाई गई है। पुराने रिजीम के स्लैब में बदलाव को लेकर कोई एलान नहीं किया है।

**2. इनकम टैक्स का स्लैब बदला**

नए रिजीम में आयकर में छूट की शुरुआती सीमा को बढ़ाकर तीन लाख रुपये कर दिया गया है। पहले यह सीमा ढाई लाख रुपये थी।

क्या होगा फायदा: इससे नई व्यवस्था में शामिल होने वाले करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। किसी व्यक्ति की अगर सालाना आमदनी नौ लाख रुपये है तो उसे 45 हजार रुपये ही टैक्स देना होगा। यह उसकी आमदनी का पांच फीसदी ही होगा। उसे 25 फीसदी कम टैक्स देना होगा। पहले जहां उसे 60 हजार रुपये टैक्स देना होता था। अब उसकी जगह 45 हजार ही टैक्स देना होगा। इसी तरह अगर किसी की 15 लाख की सालाना आमदनी है तो उसे 1.5 लाख रुपये ही टैक्स देना होगा। यह उसकी आमदनी का 10% होगा। उसे अब 20 फीसदी कम टैक्स चुकाना होगा। पहले उसे 1,87,500 रुपये टैक्स देना होता था।

**3. स्टैंडर्ड डिडक्शन**

पेंशनर्स, फैमिली पेंशनर्स और तय वेतन पाने वाले लोगों को नई व्यवस्था में स्टैंडर्ड डिडक्शन में थोड़ी राहत मिलेगी। अगर आपकी आय 15.58 लाख रुपये या उससे ज्यादा है तो स्टैंडर्ड डिडक्शन में 52,500 रुपये का फायदा होगा। पहले स्टैंडर्ड डिडक्शन 50,000 रुपये था।

**4. सुपर रिच टैक्स घटा**

सबसे ज्यादा आमदनी वालों के लिए टैक्स रेट 42.74त्न है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा था। इसे अब घटाकर 37% किया जा रहा है। अब यह भी जान लेते हैं कि यह फायदा मिलेगा कैसे? दरअसल, सुपर रिच लोगों के लिए हायर सरचार्ज रेट को 37% से घटाकर 25% किया जा रहा है। इस तरह पहले 42.74त्न लगने वाला सुपर रिच टैक्स अब 37% होगा।

**5. लीव एनकैशमेंट**

गैर-सरकारी वेतनशुदा कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर लीव एनकैशमेंट में आयकर छूट की सीमा 2002 में तीन लाख रुपये तय की गई थी। उस वक्त सरकार में उच्चतम बेसिक पे 30 हजार रुपये होती थी। इस सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपये किया जा रहा है। यानी 25 लाख रुपये तक के लीव एनकैशमेंट पर टैक्स नहीं लगेगा।


**इनकम टैक्स से जुड़ीं अन्य बातें**

नए इनकम टैक्स रिजीम को डिफॉल्ट रिजीम बना दिया जाएगा, लेकिन पुरानी व्यवस्था में भी जा सकेंगे। आयकर रिटर्न 2013-14 में 93 दिन में प्रोसेस हो रहे थे, अब 16 दिन में ही हो रहे हैं। 45% रिटर्न तो 24 घंटे में ही प्रोसेस कर दिए गए। टैक्स पोर्टल पर एक दिन में अधिकतम 72 लाख रिटर्न प्राप्त हुए थे।

## कृषि स्टार्टअप और मोटे अनाज को बढ़ावा, मत्स्य संपदा में 6000 करोड़ का निवेश

केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट में कृषि क्षेत्र के लिए कई बड़े एलान किए गए हैं। कई नई योजनाओं को भी शुरू करने के लिए वित्त मंत्री ने कहा है। आइए जानते हैं कि इस बजट में किसानों, पशु पालकों के लिए क्या-क्या है? केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। कृषि क्षेत्र के लिए इस बार सरकार ने कई बड़े एलान किए हैं। सरकार ने इस साल किसानों को 20 लाख करोड़ तक ऋण बांटने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना की शुरुआत की है। आइए जानते हैं कि इस बार बजट में कृषि क्षेत्र के लिए क्या-क्या घोषणाएं हुईं हैं? वित्त मंत्री ने कहा?-

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कई बिंदुओं पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, %इस बजट में सप्तऋषि की तरह सात प्राथमिकताएं हैं। पहली है- समग्र विकास। यह विकास किसान, महिलाएं, ओबीसी, एससी-एसटी, दिव्यांगजन, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को तक पहुंचना चाहिए। वंचितों को वरीयता मिलनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और पूर्वोत्तर का भी ध्यान रखा गया है। इसी प्राथमिकता के तहत कृषि के लिए डिजिटल लोक अधोसंरचना का निर्माण होगा। इससे किसानों को खेती की योजना बनाने, बीमा, कर्ज, मार्केट इंटेलिजेंस, स्टार्टअप और कृषि आधारित उद्योगों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। उत्पादन क्षमता और लाभ कमाने की क्षमता भी बढ़ेगी। किसान, सरकार और उद्यो[...]ड बनाया जाएगा ताकि कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा सके। इससे आध[...]क को भी बढ़ाया मिल सकेगा। जरिए ऋण बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इससे लाखों किसानों को फायदा होगा। 2. किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर = किसानों के लिए अब किसान इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल पब्लिक एग्री प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। यहां किसानों के लिए उनकी जरूरत से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध होगी। 3. स्टार्टअप को बढ़ावा - केंद्र सरकार ने कृषि के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा स्टार्टअप शुरू करवाने पर फोकस किया है। कृषि स्टार्टअप के लिए डिजिटल एक्सीलेटर फंड बनेगा जिसे कृषि निधि का नाम दिया गया है। इसके जरिए कृषि के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने वालों को सरकार की तरफ से मदद दी जाएगी। 4. मोटे अनाज को बढ़ावा - सरकार ने इस बार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए अलग से योजना की शुरुआत की है। इसे श्री अन्न योजना नाम दिया गया है। इसके जरिए देशभर में मोटे अनाज के उत्पादन और उसकी खपत को बढ़ावा दिया जाएगा। 5. बागवानी के लिए क्या? = सरकार ने इस बार बजट में बागवानी की उपज के लिए 2,200 करोड़ की राशि आवंटित की है। इसके जरिए बागवानी को बढ़ावा देने का फैसला लिया गया है। 6. मछली पालन को भी मिलेगा बढ़ावा = केंद्र सरकार ने मत्स्य संपदा की नई उपयोजना में 6000 करोड़ के निवेश का फैसला लिया है। इसके जरिए मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य ग्रामीण संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तेज़ी से बढ़ावा देना है। 7. सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना = 2,516 करोड़ रुपये के निवेश से 63,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है; इनके लिए राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, इसके साथ बड़े पैमाने पर विकेंद्रीकृत भंडारण क्षमता स्थापित की जाएगी, इससे किसानों को अपनी उपज को स्टोर करने और अपनी उपज के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सरकार अगले 5 वर्षों में वंचित गांवों में बड़ी संख्या में सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना करेगी। 8. प्राकृतिक खेती के लिए सरकार द्वारा मदद= सरकार, अगले 3 वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए मदद मुहैया कराएगी। देश में 10,000 जैव इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे।




## बजट से मध्यम वर्ग को साधने की कोशिश, कृषि-स्टार्टअप और महिलाओं के लिए भी बड़े एलान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज देश का आम बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चमकता सितारा है। उन्होंने बताया कि गरीब खाद्यान्न योजना 1 साल के लिए बढ़ाई गई है। वित्त मंत्री ने इस बीच बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि 7 लाख की आय तक अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। उन्होंने नए टैक्स स्लैब की भी घोषणा की। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि पैन अब राष्ट्रीय पहचान पत्र के रूप में जाना जाएगा। बजट में घोषणा की गई कि इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, खिलौने और देसी मोबाइल फोन और कैमरे के लेंस, सस्ते होंगे। वहीं, चिमनी, कुछ मोबाइल सिगरेट सोना, चांदी, प्लैटिनम महंगा होगा। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि 2014 से सरकार के प्रयासों ने सभी नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया है। प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपये हो गई है। इन 9 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था आकार में 10वें से 5वें स्थान पर पहुंच गई है। वित्त मंत्री ने घोषणा की कि युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि कोष बनाया जाएगा। वहीं, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड पर काम किया जाएगा। अगले साल लोक सभा चुनाव होने के चलते मोदी सरकार के लिए यह बजट काफी अहम माना जा रहा था। आम चुनाव से पहले मोदी सरकार का यह आखिरी पूर्ण बजट होने के चलते लोगों और कॉरपोरेट सेक्टर को भी इससे बड़ी उम्मीदें थीं।



## संपादकीय Editorial

# This is also a round

In the conduct of power, many new alliances between the Congress demanding ransom on the ground and in the sky. A statement by State President of Himachal Pradesh Congress Pratibha Singh gave basis to the difference between the leader and the hero, then it also came to the fore that 'there was a period and there is also a period.' Of course, the defeat of many senior leaders has lost the leadership of the Congress. Changed and that's why new gotra is being asked in politics. It is ironic that there is darkness around the lamps that are lit within the Congress. The remorse of the state president of the party marked that every hour of power has changed or all those pages which were written by Virbhadra Singh have changed. Has some ground been lost in the formation of the government or allocation of posts. If you look at the law, changing the traditions, Chief Minister Sukhwinder Singh has not left any stone unturned to fill his colors on the canvas of power, so there is a pause of despair on the faces left outside the frame or political margins. Some senior MLAs are peeping their armpits, while the attitude of the workers has also started clashing. If Congress's Haath Jodo program has become a victim of mutual enmity in the Legislative Assembly, then it should be understood as dissatisfaction. If the happiness of forming the government is sitting sad in the courtyard of regional possibilities, then a lesson will have to be taken from the history of Himachal. Of course, the formation of the cabinet has started showing the sky within itself, but in the areas or districts where there is friction, there is a war in silence. This war came out from the mouth of Pratibha Singh, so it was also fought between two components of Saraj. If we look at the power within the government, then there is a lot of fun, but where it is not there, there is discontent. If we look at this discontent from the point of view of Kangra, Bilaspur, Mandi, then it will be understood why leaders like Rajesh Dharmani, Sudhir Sharma or Rajendra Rana are now seen as MLAs from neglected, while 'Apne Sanam' wrapped in cabinet rank are being recognized. Needless to say that Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu is writing his ground on the injury of sting in the present government. This ground is their inner Congress, which was struggling for years or whose scale is now being filled by the government. It goes without saying that to understand the impact of Sukhu, the Chief Minister's political and administrative investments have to be seen separately. Till now his inner political energy has been talked about, but his investment as Chief Minister is changing the narrative of the government and his political opponents will also have to praise him. The government's willpower is being seen in the hasty meetings and targets for work allocation. the style of the chief minister is keeping the administration and politics alike alert. the Chief Minister and its performance reflects the real goals of good governance, but there are also many projects which have been plagued by political curse for years. There are many unfinished buildings, half-completed projects and pending programs which are being punished politically. Establishment of Dharamshala Central University and expansion of Kangra Airport are the stories of such pending projects which are seeing politics only as villain. Such projects are finding leadership in governments and this will be the test of Sukhu government. It will also have to be seen as to what the Sukhu government accepts from the traditions of the previous Chief Ministers and how it starts new traditions. At present, what direction the Chief Minister's steps decide in the exercise of winter migration in the lower areas, it is such a wait which will also measure the justice of the power.

# Sunny Leone injured during the shooting of 'Quotation Gang', the actress cried out in pain


Sunny Leone is busy shooting for her next South film. She got injured while shooting for this film. Sunny Leone has hurt her toe. Sunny Leone is one of the finest actresses of Bollywood. After spreading her acting skills in Bollywood, she is now making her career in South films.



Actually, these days Sunny Leone is busy shooting for her next South film. She got injured while shooting for this film. Sunny Leone has hurt her toe. During this, a video of Sunny has also surfaced, in which blood is seen coming out of his toe. Actually, Sunny Leone is shooting for her upcoming film 'Quotation Gang' these days. Recently the trailer of the film was also released, which was well received by the audience. Now Sunny Leone has shared a video of herself getting injured on her Instagram. It is seen in the video that his team members are standing around, who are applying medicine on his injury. Sunny Leone is looking upset due to injury. When the team members say that she should inject, she starts shouting and scolding her team members. In the video shared by Sunny Leone, she is seen in a completely different form. In the video, Sunny says that there is so much fear of Kovid. It just happened. what do i do now After this the people of the team say that it will be cured by injection, then Sunny Leone gets scared and shouts that what injection? I'll slap you After this, when a person sprays on her injury, she starts screaming in pain. The shooting of Sunny Leone's upcoming film 'Quotation Gang' is going on in full swing. Bollywood superstar Jackie Shroff is also going to be seen in this film. 'Quotation Gang' is a crime thriller film. The story of this film is woven around Gangwar. It is being said about the film that it is the story of different gangs, which are spread across Chennai, Mumbai and Kashmir. 'Quotation Gang' is a Tamil film, which will also be released in Hindi, Telugu, Malayalam and Kannada languages. The film is directed and produced by Vishnu Kannan.

# Allu Arjun is coming to rock once again, Hindi dubbed version of 'Ala Vaikunthapremulu' will be released

There is good news for the fans of Allu Arjun. The Hindi dubbed version of 'Ala Vaikunthapuramlo' is going to be released soon on YouTube. South Superstar Allu Arjun is once again coming to rock the Hindi audience. Actually, Allu Arjun and Pooja Hegde's Telugu film 'Ala Vaikunthapuramlo' was released in the year 2020. This film of Allu Arjun proved to be a super hit. This film broke many records at the box office. 'Ala Vaikunthapuramlo' had earned a bumper across the country. Now there is good news for the fans of Allu Arjun. Actually, the Hindi dubbed version of 'Ala Vaikunthapuramlo' is going to be released soon on YouTube. Now viewers will be able to watch the Hindi dubbed version of 'Ala Vaikunthapuramlo' on YouTube for free. The news of the release of this film in Hindi language has created panic on social media. Actually, Bollywood actor Karthik Aryan's upcoming film 'Shehzada' is the official remake of the 2020 Telugu blockbuster 'Ala Vaikunthapuramlo'. The audience is eagerly waiting for the film 'Shehzada'. Shehzada is scheduled to release in theaters on February 17. Now meanwhile, the original version i.e. Hindi version of Allu Arjun's 'Ala Vaikunthapuramlo' is about to come. Allu Arjun's film 'Ala Vaikunthapuramlo' will release in Hindi on YouTube on Thursday, February 2. This Hindi dubbed version will be available for free on Goldmines Telefilms YouTube channel. Along with this the film will also be available on the Facebook page of Goldmines. Actually, Manish Shah of Goldmines had planned to release the Hindi version of 'Ala Vaikunthapuramlo' in January 2022 itself, but its release was put on hold after the film's producer Allu Aravind refused. Kartik Aaryan's 'Shehzada' The film is the official remake of Allu Arjun's 'Ala Vaikunthapuramlo'. The Telugu film featured Pooja Hegde in the lead role alongside Allu Arjun. At the same time, Kriti Sanon will be seen playing the lead role alongside Karthik Aryan in 'Shahzada'. 'Shehzada' will also feature Manisha Koirala, Paresh Rawal, Ronit Roy, Rajpal Yadav and Sachin Khedekar in key roles.



# Shooting of Mrunal Thakur's Telugu film begins, got the support of superstar Nani



Actress Mrunal Thakur started her career in the television world. After this he entered in films. Here too, he created a special identity among the audience with his work. Now he has got another great film in his hands. The teaser of his film has also been released. The special thing is that she will be seen opposite South's superstar Nani. Actress Mrunal Thakur has taken the first step towards her new Telugu film. The name of this film is not decided yet. It is an emotional family drama, in which Mrunal will be seen opposite Nani. The team of this film recently came to Hyderabad for a workshop related to the film, in which Mrinal talked about her role in the film. Talking about her role in the film, Mrinal said, 'I am Happy and excited to be a part of the project. It is really a heart touching story and the team has put in a lot of hard work for it. I am looking forward to working with Nani. This is an interesting turn in my life because I worked in the remake of the film 'Jersey' last year, in which Nani also acted. This is the first pan India film of Mrinal's career, which will come in multiple languages. The film is jointly produced by Mohan Cherukuri, Dr. Vijender Reddy Tegla and Murthy KS. The film's music is composed by Malayalam composer Hesham Abdul Wahab, who was the composer of the blockbuster film 'Hridayam'. Please tell that Mrinal had stepped into the South with the Telugu film 'Sita Ramam' with Dulquer Salmaan. It was a small budget film, which did a big bang. Made on a budget of Rs 30 crore, the film earned Rs 98 crore worldwide.

# छजलैट प्रकरण में बहस पूरी, 13 फरवरी को आ सकता है फैसला, आजम, अब्दुल्ला आजम समेत अन्य सपाई हैं आरोपी



विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि बुधवार को इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी हो चुकी है। अदालत ने आदेश के लिए 13 फरवरी नियत की है। मुरादाबाद में छजलैट के पंद्रह साल पुराने मामले में बुधवार को दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी की गई। इस मामले में आजम खां, अब्दुल्ला आजम समेत अन्य सपाई आरोपी हैं। अदालत ने इस मामले में आदेश के लिए 13 फरवरी नियत की है। छजलैट थाने के सामने 29 जनवरी 2008 को पूर्व मंत्री और रामपुर के पूर्व विधायक आजम खां की कार को चेकिंग के लिए पुलिस ने रुकवा लिया था। जिसके विरोध में आजम खां थाने के सामने ही सड़क पर धरने पर बैठ गए थे। इस मामले की सूचना मिलने पर आस पड़ोस के जनपदों से भी सपा नेता मौके पर पहुंचे थे। जिन पर आरोप लगा था कि इन्होंने आम जनता को उकसा कर सड़क जाम करते हुए बवाल किया। सरकारी कार्य मे बाधा उत्पंन की थी। विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि बुधवार को इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी हो चुकी है। अदालत ने आदेश के लिए 13 फरवरी नियत की है।

# फर्जी मार्कशीट पर 31 साल तक डाक विभाग में करता रहा नौकरी, ऐसे पकड़ा कार्यालय सहायक का फर्जीवाड़ा



आरोपी को निलंबित करने के साथ ही उसके खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। प्रधान डाकघर मुरादाबाद मंडल में तैनात प्रवर अधीक्षक वीर सिंह ने सिविल लाइंस थाने में कार्यालय सहायक अरविंद मोहन शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कराया है। फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्रों के जरिए डाक विभाग का कार्यालय सहायक अरविंद मोहन शर्मा 31 साल तक नौकरी करता रहा लेकिन अफसरों को इसकी भनक तक नहीं लगी। अब शिकायत मिलने पर जांच की गई तो उसके फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। आरोपी ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मार्कशीट पर मार्क टैंपरिंग कर नौकरी हासिल की थी। आरोपी को निलंबित करने के साथ ही उसके खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। प्रधान डाकघर मुरादाबाद मंडल में तैनात प्रवर अधीक्षक वीर सिंह ने सिविल लाइंस थाने में कार्यालय सहायक अरविंद मोहन शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जिसमें उन्होंने बताया कि जन परिवाद (पीजी पोर्टल) पर अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि मंडलीय कार्यालय मुरादाबाद में कार्यालय सहायक के पद पर तैनात अरविंद मोहन शर्मा ने नौकरी पाने के लिए फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र लगाए थे। 31 साल पहले 1992 में डाक विभाग में इस पद पर भर्ती निकली थीं। प्रवर अधीक्षक ने सहायक अधीक्षक से मामले की जांच कराई। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मार्कशीट माध्यमिक शिक्षा सचिव और जीआईसी के प्रधानाचार्य के कार्यालय में सत्यापन के लिए भेजी गई थीं। दोनों जगह से भेजी गई रिपोर्ट से पता चला कि अरविंद मोहन शर्मा ने 1982 में हाईस्कूल की परीक्षा 500 में से 208 अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। जबकि 1985 में इंटमीडिएट परीक्षा 500 में से 214 अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। जबकि अरविंद मोहन ने नौकरी के लिए आवेदन करते वक्त हाईस्कूल की मार्कशीट में 500 में से 368 अंक दर्शाए थे। इंटर मीडिएट में 500 में से 364 अंक दर्शाए थे। जांच रिपोर्ट के बाद प्रवर डाक अधीक्षक वीर सिंह ने मझोला के बुद्धि विहार निवासी आरोपी अरविंद मोहन शर्मा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी। सीओ सिविल लाइंस अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी अरविंद मोहन शर्मा खिलाफ आईपीसी की धारा 420,467,468,471 में केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रधान डाकघर मुरादाबाद मंडल में तैनात प्रवर अधीक्षक वीर सिंह ने सिविल लाइंस थाने में कार्यालय सहायक अरविंद मोहन शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जिसमें उन्होंने बताया कि जन परिवाद (पीजी पोर्टल) पर अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि मंडलीय कार्यालय मुरादाबाद में कार्यालय सहायक के पद पर तैनात अरविंद मोहन शर्मा ने नौकरी पाने के लिए फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र लगाए थे। 31 साल पहले 1992 में डाक विभाग में इस पद पर भर्ती निकली थीं। प्रवर अधीक्षक ने सहायक अधीक्षक से मामले की जांच कराई। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मार्कशीट माध्यमिक शिक्षा सचिव और जीआईसी के प्रधानाचार्य के कार्यालय में सत्यापन के लिए भेजी गई थीं। दोनों जगह से भेजी गई रिपोर्ट से पता चला कि अरविंद मोहन शर्मा ने 1982 में हाईस्कूल की परीक्षा 500 में से 208 अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। जबकि 1985 में इंटमीडिएट परीक्षा 500 में से 214 अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। जबकि अरविंद मोहन ने नौकरी के लिए आवेदन करते वक्त हाईस्कूल की मार्कशीट में 500 में से 368 अंक दर्शाए थे। इंटर मीडिएट में 500 में से 364 अंक दर्शाए थे। जांच रिपोर्ट के बाद प्रवर डाक अधीक्षक वीर सिंह ने मझोला के बुद्धि विहार निवासी आरोपी अरविंद मोहन शर्मा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी। सीओ सिविल लाइंस अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी अरविंद मोहन शर्मा खिलाफ आईपीसी की धारा 420,467,468,471 में केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कमिश्नरी में उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति-2017 अंतर्गत मण्डल स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति-2017 अंतर्गत मण्डल स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति-2017 अंतर्गत मैसर्स आक्टोकेम फार्मा एण्ड फ्लेवर्स प्रा0लि0 ग्राम आटा, चंदौसी जिला सम्भल, मैसर्स क्राप केयर आर्गेनिक्स एलएलपी, ग्राम अकबरपुर पो0किशनपुर नजीबाबाद बिजनौर, मैसर्स उत्तम शुगर मिल्स लि0 ग्राम बरकतपुर पुंडरीखुर्द नजीबाबाद जिला बिजनौर, मैसर्स मदर इण्टरप्राईजेज,ग्राम भोलेश्वर जोया रोड सम्भल इकाईयो के आवेदन पत्रो पर चर्चा की गयी।

बैठक मे उपरोक्त इकाईयो मे से क्रम सं0-1 एवं 2 पर अंकित इकाईयों को लेटर आफ कम्फर्ट (एल0ओ0सी0) जारी किये जाने की संस्तुति की गयी। क्रम सं0 3 पर अंकित मैसर्स उत्तम शुगर मिल्स लि0, ग्राम बरकतपुर पुंडरीखुर्द, नजीबाबाद जिला बिजनौर का बहद्ध उद्योग की श्रेणी मे होने के कारण आवेदन पत्र पिकप, लखनऊ को भेजने की संस्तुति की गयी। क्रम सं0 4 पर अंकित इकाई मै0 मदर इण्टरप्राईजेज,ग्राम भोलेश्वर,जोया रोड,सम्भल को प्रपत्र कार्यालय मे जमा कराने हेतु कहा गया। बैठक में श्री बी0एन0यादव अपर आयुक्त (प्रशासन) मुरादाबाद, एल0सी0पाण्डेय ए0आई0जी0 स्टाम्प, श्री वी0के0बंसल एल0डी0एम0 बिजनौर, श्री अमित विश्नोई एल0डी0एम0 सम्भल, श्री सुभेश तिवारी उपायुक्त राज्यकर, श्री लोकेन्द्र कुमार उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द, बिजनौर द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का संचालन श्री योगेश कुमार संयुक्त आयुक्त उद्योग मुरादाबाद द्वारा किया गया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई

**8 फरवरी तक किया जा सकता है ऑनलाइन आवेदन**

रामचंद्र जायसवाल -दैनिक क्यूं न लिखूं सच

सूरजपुर- जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा वर्ष 2023 कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि में वृद्धि की गई है। अब 8 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। पूर्व में ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक निर्धारित की गईथी। उम्मीदवार वेबसाइट https://navodaya.gov.in और https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs पर निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के
डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूँ सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की ऑनलाइन आवेदन एवं स्वीकृति की तिथि में वृद्धि

रामचंद्र जायसवाल -दैनिक क्यूं न लिखूं सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर छत्तीसगढ़ के निवासी जो शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विष्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज,पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई आदि के संस्था प्रमुख, प्राचार्य, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है।

शिक्षा सत्र 2022-23 हेतु 01 फरवनरी 2023 से 10 फरवरी 2023 तक वृद्धि की गई है। अतः छात्रवृत्ति के (कक्षा 12 से उच्चतर) पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही **http://postmatric-scholarshio.cg.nic.in** वेबसाइट पर आवेदन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु तिथि में वृद्धी की गई है।

नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन हेतु 01 फरवरी से 10 फरवरी तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 01 फरवरी से 15 फरवरी तक, सेक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु 01 फरवरी से 15 फरवरी तक तथा राज्य से बाहर अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा समस्त दस्तावेज मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित प्रति के साथ जिला कार्यालय में करने हेतु 11 फरवरी 2023 तक कर सकते है।

# ओडीओपी उत्पादों से संबंधित हस्तशिल्पियों हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ

मुरादाबाद -जिला उद्योग केंद्र मुरादाबाद में जनपद के ओडीओपी उत्पादों से संबंधित हस्तशिल्पियों हेतु विभाग के कार्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश सचान द्वारा किया गया। संयुक्त आयुक्त द्वारा सभी हस्तशिल्पियों से अनुरोध किया गया की उक्त कार्यशाला का सम्पूर्ण लाभ लें एवं प्राप्त जानकारी को अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में अवश्य प्रयोग करें। इस कार्यशाला में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पैकेजिंग एवं ऐमजॉन डॉट कॉम के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न जानकारियां दी गयी। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पैकेजिंग के प्रतिनिधि श्री तुषार द्वारा पैकिंग पैटर्न, गुणवत्ता एवं पैकिंग लागत के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी, साथ ही साथ इंस्टीट्यूट द्वारा विभिन्न उत्पादों को पैकिंग हेतु पूर्व से तैयार सैंपल बॉक्स एवं पैकिंग मटेरियल का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यशाला में ऐमजॉन डॉट काम के प्रतिनिधि श्री रमेश द्वारा ऑनलाइन विक्रय के लाभ एवं सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी तथा कुछ हस्तशिल्पियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी वेबसाइट पर किया गया।

# कार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त करने की सुविधा भी रहेगी

मुरादाबाद -जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अर्न्तगत माह दिसम्बर, 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण माह जनवरी 2023 में दिनांक 24.01.2023 से 31.01.2023 के मध्य वितरण कराये जाने के निर्देश दिये गये थें। आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के कार्यालय पत्र दिनांक 31 जनवरी 2023 के द्वारा माह दिसम्बर 2022 के सापेक्ष खाद्यान्न का वितरण माह फरवरी 2023 में दिनांक 01.02.2023 से 03.02.2023 के मध्य विस्तारित किए जाने का निर्देश दिये गये। डीएसओ ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा योजनान्तर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरुपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एन0एफ0एस0ए0 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01 जनवरी 2023 से एक वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को 14कि0ग्रा0 गेंहू व 21 कि0ग्रा0 चावल (35 कि0ग्रा0) प्रति कार्ड की दर से निःशुल्क वितरण किया जायेगा। पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर 02कि0ग्रा0गेंहू, 03 कि0ग्रा0 चावल (05 कि0ग्रा0 प्रति यूनिट) निःशुल्क वितरण किया जायेगा। दिनांक 03.02.2023 तक ई-पास मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जायेगा। मोबाइल ओ0टी0पी0 के माध्यम से वितरण की सुविधा पूर्ण तिथि 31.01.2023 के साथ दिनांक 03.02.2023 को भी उपलब्ध रहेगी। दिनांक 03.02.2023 तक कार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त करने की सुविधा भी रहेगी। उन्होंने यह बताया कि जनपद के कार्डधारकों अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अर्न्तगत माह दिसम्बर 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न निःशुल्क (गेंहू व चावल) प्राप्त करने से वंचित रह गये थे, वे सभी कार्डधारक दिनांक 03 फरवरी 2023 तक आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

# जल जीवन मिशन योजना की बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूं न लिखूं सच



श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में "जल जीवन मिशन" (हर घर नल से जल) योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जन-जन को स्वस्थ्य रखने के लिए शुद्ध पेयजल अनिवार्य है। लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया होगा तो निश्चित ही वे स्वस्थ्य रहेंगे।बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि फेज-2 में कार्यदायी संस्था को आवंटित 218 ग्रामों के सापेक्ष समस्त ग्रामों का प्राक्कलन प्रेषित जा चुका है। जिसमें 216 ग्रामों का प्राक्कलन राज्य स्तरीय स्वीकृत समिति द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 89 परियोजनाओं का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त फेज-5 के अन्तर्गत 201 ग्राम पंचायतों हेतु कार्यदायी संस्था को आवंटित किया गया है। जिनके द्वारा 61 प्राक्कलन प्रस्तुत किये गये है। जिसे समिति की स्वीकृति के उपरान्त राज्य पेयजल को प्रेषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा आपेक्षित प्रगति प्राप्त न करने पर संस्था को कड़ी चेतावनी देते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये है। बैठक का संचालन अधिशासी अभियन्ता जल निगम एस0एम0 असजद ने किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबन्धक सहित सहायक अभियंता, अवर अभियंता गण उपस्थित रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एन0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

## नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने अपने परिवार की ओर से करवाया शवदाह मंडप निर्माण




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही- वार्ड क्र. 11कलचुरी नगर नगर पंचायत गौरेला में अपने पिता स्वर्गीय डॉक्टर बी आर जयसवाल की स्मृति में नगरपंचायत उपाध्यक्ष संदीप जयसवाल ने शवदाह मंडप का निर्माण अपने परिवार की ओर से कराया था। जिसका की लोकार्पण श्रीमती गंगोत्री राठौर( अध्यक्ष नगर पंचाय, गौरेला), जयप्रकाश शिवदाशनी जी( अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत गौरेला), अजय जयसवाल जी( संचालक, मेडुका ग्रुप ऑफ कॉलेज), लाल सिंह मरावी जी( पार्षद) की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुआ।
अध्यक्षा श्रीमती गंगोत्री राठौर जी ने उक्त स्थल पर अपने मद से हैंड पंप खनन कार्य की घोषणा की।अजय जयसवाल जी ने विधायक निधि से सीसी रोड स्वीकृत कराने के का विश्वास दिलाया। पार्षद लाल सिंह ने जल्द ही नाली एवम रोड का कार्य प्रारंभ होने की बात की।उक्त गरिमामय कार्यक्रम श्री गोवर्धन राठौर,कन्हैया राठौर,मुकेश दुबेजी, दिलीप यादवजी,बबूल रोहणी, रामप्रकाश ठाकुर, पार्षद नीलेश साहू, मोहित ( मोनू ) राजपूत, पीयूष अग्रवाल जी,दिलीप विश्वकर्मा,पंकज जेम्स, तुलसी पेंद्रो सहित पूर्व पार्षद राहुल जयसवाल, छेटेलाल जयसवाल,परमानंद जयसवाल,गया जयसवाल पूर्व पार्षद, चिंटू जयसवाल, बल्ला जयसवाल, रवि जयसवाल, लल्ला जयसवाल, हेमलाल जयसवाल,दीपक जयसवाल, देवा जयसवाल, नीरज साहू, सिद्धार्थ दुबे, मोहित सिंह की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## टुटने की कगार पर एक खड़े परिवारों को समझाकर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- परिवार परामर्श केंद्र एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर के निर्देशन में महिला थाना कैंपस नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र पर आज दिनांक 30/1/2023 को आपसी मतभेदों के कारण टुटने की कगार पर एक खड़े परिवारों को समझाकर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। वादी- लुवनाबानो पुत्री अकरम अली निवासी फगनौल थाना जैथरा जिला एटा प्रतिवादी- आशिक खान पुत्र मुन्ने खान निवासी न्यू एप्स 276 रघुवीर नगर तिलक नगर थाना रजौरी गार्डन पश्चिम दिल्ली के आपसी मतभेदों के कारण परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी दोनों को परिवार परामर्श केंद्र में बुलाकर काउंसलिंग कर समझाया गया अब दोनों अपनी पिछली गलतियों को मानते हुए साथ रहने के लिए राजी हो गए। आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मवती, निरीक्षक बेगराम सिंह, काउंसलर डॉ श्यामलता वेद, संजीव तिवारी, नीलम गुप्ता, हेड कांस्टेबल मिथलेश, गौरी, पूजा मौजूद रहे।

## गीत-गजल म्यूजिकल नाईट में झूमे दर्शक, प्रदर्शनी में सुनाए - हिन्दी पंजाबी हरियाणवी गान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी एटा महोत्सव में मंगलवार को गीत गज़ल म्यूजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कनिष्का ने अपनी मधुर आवाज से दर्शकों को थिरकने पर मजबूर किया, वहीं कई गायकों ने अपनी मधुर आवाज में पुराने नये गीत पर दर्शकों की तालियों से पंडाल गूंजता रहा। सुनाकर श्रोताओं और दर्शको को पुराने दौर को ताजा कराई। इसके बाद सिंगर अनिल राज ने मेरे रसके कमर और अकेला चला था मैं ना आया अकेला गीत सुनाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरों कार्यक्रम के मध्य में जूनियर गोविंदा के नृत्य सदिया। और दर्शक उनके नृत्य के खुद भी थिरकने को विवश हो गए। इसके गए तारे नजारे, और क्या हो गई सिगर पूजा ने गुलाबी आंखें , गीत गाया और सिंगर कनिष्का ने बड़ी दूर से आए हैं प्यार का तोहफा लाये है ने चाहें जितना जोर लगा लो सब से आगे होगा हिन्दुस्तान गाने पर दर्शकों ने अपने स्थान पर ठुमके लगाए। प्रदर्शनी मंच पर देर रात तक सफल कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मैक्स बैंड के एंकर सोनू ने चुटकुले एवं गाने सुना कर दर्शकों को खूब हंसाया। इस बीच बरेली से आए बाल कलाकार वरदान जौहरी ने कैसियो पर फिल्मी गीत संगीत पिलये की। कार्यक्रम को शुरुआत अपर जिला जज बरेली श्रीमती प्रतिभा सक्सैना ने फीता काटकर, बही अभिषेक जोहरी,एस पी ओ दिनेश यादव,पीओ पंकज सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश गांधी ने दीप प्रज्वलन किया इस अवसर पर ए पी ओ डा शैलेंद्र जैन, डॉ रूपा जैन, मीरां गांधी, गुंजन मिश्रा जिला शासकीय अधिवक्ता रेशपाल सिंह राठौर, सह संयोजक रवि सक्सेना गोरव सक्सैना सुभाष चन्द्र सक्सैना हिमांशु अस्थाना,बिकाश चोधरी,वैभव सक्सेना, संजीव, नंदनी, दीपक सक्सैना, शबनम जौहरी, अलका, सचिन वार्ष्णेय आदि तमाम लोग मौजूद थे।बही दर्शकों का आकर्षण का केंद्र सिंगर कनिष्का वहीं जूनियर गोविंदा के डांस पर बच्चों ने खूब मस्ती की। कार्यक्रम में आए अतिथियों का संयोजक अमित कुमार जौहरी ने अभिनंदन किया।

## पत्रकार का ऑफिस आवास तोड़ना पड़ सकता है भारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा-बीते समय एक पत्रकार के आवास और कार्यालय को तोड़ना प्रशासन को अब भारी पड़ सकता हैं, पीड़ित द्वारा शासनिक व प्रशासनिक स्तर पर न्याय हेतु गुहार लगाने के बाद सुनवाई न होने से आहत पीड़ित पत्रकार ने पीसीआई की शरण ली थी । सूत्र बताते हैं कि पीसीआई ने मामले को गम्भीरता लिया और सूबे के प्रमुख सचिव, गृह सचिव, डीजीपी सहित एक दर्जन शासनिक व प्रशासनिक अफसरों को नोटिस जारी कर जबाव तलब किया हैं । बरहाल पीसीआई की कार्यवाई से नीचे से ऊपर तक हड़कम्प मच गया हैं ।

## शहर के राम दरबार से अयोध्या के लिए पैदल निकले दो युवक



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा-शहर के राम दरबार से अयोध्या के लिए पैदल निकले दो युवक, श्री राम लला के दर्शन के लिए दो राम भक्त पैदल हुए एटा से अयोध्या के लिए रवाना, एडीएम फाइनेंस आयुष चौधरी ने दोनों युवकों को हरि झंडी दिखाकर शहर के राम दरबार से किया रवाना, युवक शिवम और संभव को एडीएम F/R ने मंगल यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए किया रवाना लगभग 400 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर राम भक्त हुए रवाना,

## 75 ग्राम नाजायज गांजा के साथ एक गिरफ्तार



अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती-पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई साथ ही अवैध मादक पदार्थों के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती के नेतृत्व में मय हमराह टीम के द्वारा प्राथमिक विद्यालय पूरे खैरी के पास से अभियुक्त पवन कुमार पुत्र मिठाई लाल वर्मा निवासी गोकुलपुर थाना नानपारा जनपद बहराइच को 15 पुड़िया ( 75 ग्राम ) नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना सिरसिया में की अपराध समीक्षा



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा थाना सिरसिया की अपराध समीक्षा की गई। थाना सिरसिया पर 28 विवेचनाएं लम्बित पाई गई तथा 08 विवेचक मौजूद मिले। लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि जिन विवचकों द्वारा विवेचनाओं के निस्तारण में सार्थक प्रयास नही किये जा रहे थे उन सभी विवेचको को हिदायत देते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व सभी विवेचको को कड़े निर्देश निर्गत किये गये कि शीघ्र साक्ष्य संकलन कर विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये व इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये अन्यथा उनके विरूद्ध आवश्यक विभागीय कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया।थाना पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से वार्तालाप की गई तथा सभी को बताया गया कि थाने पर जो भी आगंतुक महिलाएं शिकायत लेकर आए उनकी समस्या को सरलतापूर्वक सुना जाए एवं यथाशीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी सहित संबंधित को अवगत कराया जाए तथा अपने कार्यों/दायित्वों को अच्छी तरह से निर्वहन करें।

## पत्नी ने प्रेमी संग मिल दिया था घटना को अंजाम, तीन अभियुक्त गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- थाना मिरहची पुलिस को मिली बडी सफलता, थाना मिरहची क्षेत्रांतर्गत नगला श्याम में हुई हत्या का 48 घंटे में सफल अनावरण, पत्नी ने प्रेमी संग मिल दिया था घटना को अंजाम, पत्नी व उसके प्रेमी सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार, अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व खोखा कारतूस, तीन मोबाइल बरामद । घटना- दिनांक 30.01.2023 को वादी श्री लट्टूरी सिंह पुत्र रामदास निवासी ग्राम नगला श्याम थाना मिरहची एटा द्वारा थाना मिरहची पर सूचना दी गई कि दिनांक 29.01.2023 की रात्रि में उनके भाई खूबचन्द्र पुत्र रामदास जाति लोधी राजपूत उम्र करीब 42 वर्ष की किन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा पेट में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस सूचना पर थाना मिरहची पर मुअसं 18 / 2023 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात - पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी- दिनांक 01.02.2023 को थाना मिरहची पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1- अमन पुत्र श्यामसिंह उम्र करीब 21 वर्ष 2- अतुल पुत्र पुत्तलाल उम्र करीब 19 वर्ष 3- मृतक खूबचन्द्र की पत्नी उम्र करीब 26 वर्ष समस्त निवासीगण

## जिले की नव पदस्थ कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने कार्यभार ग्रहण किया



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही- जिले में नव पदस्थ कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने आज कलेक्ट्रेट में कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह एवं श्री आनंद रूप तिवारी, जिला कोषालय अधिकारी श्री जितेंद्र कुमार श्रीवास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपना परिचय देते हुए नए कलेक्टर का स्वागत किया। कलेक्टर श्रीमती महोबिया ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर का अवलोकन किया। उन्होने अपर कलेक्टर एवं संयुक्त कलेक्टरों के बैठक कक्षों सहित अरपा सभा कक्ष, वीसी रूम, जिला निर्वाचन शाखा, भू-अभिलेख, नाजिर, वित्त, डीएमएफ, अधीक्षक, आवक-जावक आदि शाखाओं का निरीक्षण कर शाखा प्रभारियों से परिचय प्राप्त की।

## सगे भाई तथा भाभी की हत्या, दो अभियुक्त गिरफ्तार तथा घटना के समय पहने हुए कपड़े तथा आलाकत्ल चाकू बरामद



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता, कोतवाली देहात क्षेत्र में हुई दंपत्ति की हत्या की घटना का 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण, संपत्ति के लालच में साथी के साथ मिलकर भाई ने ही की सगे भाई तथा भाभी की हत्या, दो अभियुक्त गिरफ्तार तथा घटना के समय पहने हुए कपड़े तथा आलाकत्ल चाकू बरामद। घटना का विवरण- दिनांक 30.01.2023 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम श्रीकरा में गांव से बाहर जिस्समी पुल, के पास रह रहे जितेंद्र उर्फ टीटू पुत्र स्व0 मोहर सिंह उम्र करीब 25 वर्ष जाति लोधी राजपूत व उसकी पत्नी प्रीति उम्र करीब 24 वर्ष की हत्या तथा उनके 03 वर्षीय बालक को घायल कर देने के संबंध में मृतक के भाई पंकज पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम श्रीकरा थाना कोतवाली देहात एटा द्वारा थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- 37/23 धारा 302, 307, 506 भादवि* बनाम ग्रीशचंद पुत्र सुनहरी लाल निवासी ग्राम नगला जड्डा थाना कोतवाली देहात एटा आदि 03 नफर पंजीकृत कराया गया। गिरफ्तारी एवं अनावरण- दिनांक 31.01.2023 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर पूर्वाह्न मुकदमा उपरोक्त में आगे की कारबाही की

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बलिदान दिवस और भारत जोड़ो यात्रा का समापन



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही- छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बलिदान दिवस और भारत जोड़ो यात्रा का समापन कार्यक्रम महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पेण्ड्रा मनाया गया। इस अवसर पर पेण्ड्रा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास ने कहा 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की हत्या हुई थी,जिसके बाद से ही हर साल उनकी पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रुप में मनाया जाता है। मोहनदास करमचंद गांधी जिनका जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को हुआ था वहीं उनकी मृत्यु 30 जनवरी,1948 को हुई थी। महात्मा गांधी देश के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे, जिन्होंने अहिंसा और सत्याग्रह को अपने एकमात्र हथियार के रूप में देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी थी। आगे उन्होंने कहा हमारे नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा पूरी की है जिसका मकसद था पूरे भारत वर्ष के लोगों को एकता के सूत्र में बाँधना इसलिए इस यात्रा का मुख्य नारा रखा गया था नफरत छोड़ो भारत जोड़ो। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा राष्ट्रपिता का बलिदान दिवस 30 जनवरी हमें सभी को संप्रदायिक सदभाव तथा सर्वधर्म समभाव के रूप में मनाना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष इक़बाल सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी पवन सुल्तानिया मीडिया प्रभारी रईस खान शारदा चरण पसारी नीलेश मिश्रा स्वेता मिश्रा विद्या राठौर सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## विधायक डॉ के के ध्रुव वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कार वितरण



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही- विधायक डॉक्टर के के ध्रुव ने आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पेंड्रा में आयोजित वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया। डॉ ध्रुव समरोह के मुख्य अतिथि थे। वार्षिकोत्सव में शाला के छात्र-छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की रंगारंग प्रस्तुति दी। प्राचार्य श्री एल.पी. डाहीरे ने विद्यालय के वर्षभर के प्रमुख कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में श्री मनोज गुप्ता, श्री हर्ष गोयल, श्री हर्ष छाबरिया, नवल लहरे, रमेश साहू पार्षद, एच.एन.सोनी पूर्व प्राचार्य, श्री हसन, नरेन्द्र राय, नदीम मलिक शाला विकास समिति सदस्य आदि उपस्थित थे। मंच संचालन कु अनामिका मिश्रा एवम कु नंदिनी साहू ने किया।